## रूट को पछाड़ लाबुशेन पहली बार बने नंबर वन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली आईसीसी की ताजा टेस्ट विश्व रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान के नुकसान से 7वें स्थान पर खिसक गए जबकि ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन एशेज सीरीज में शानदार फॉर्म की बदौलत इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को हटाकर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। भारत के रोहित शर्मा पांचवें स्थान पर बरकरार हैं। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन अब भी ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के बाद दूसरे स्थान पर कायम हैं। कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेले थे, वह पहले छठे स्थान पर थे लेकिन अब 756 अंक से सातवें स्थान पर काबिज हैं। लाबुशेन एशेज सीरीज में अभी तक खेले गए दो मैचों में शानदार प्रदर्शन के बूते पहली बार बल्लेबाजों की आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। करियर के सर्वश्रेष्ठ 912 रेटिंग अंक से वह रूट (897 अंक) को दूसरे स्थान पर खिसकाने में सफल रहे।



### टी20 रैंकिंग में बाबर टॉप पर

टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बल्लेबाजों की सूची में फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वह पहला स्थान गंवाने के एक हफ्ते बाद इस पर वापसी करने में सफल रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शून्य और सात रन से वह पिछले हफ्ते की रैंकिंग अपडेट में दो स्थान खिसककर तीसरे स्थान पर पहुंच गए थे। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 79 रन की शानदार पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया। इससे वह रैंकिंग में डेविड मलान के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# पाक को रोमांचक मुकाबले में हराते हुए भारत ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

## भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए 4–3 से अपने पक्ष में रखा नतीजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। चिर प्रतिद्विंद्वि पाकिस्तान को हराते हुए भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैपियंस ट्रॉफी का ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारतीय टीम गत चैंपियन थी, लेकिन सेमीफाइनल में उसे जापान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मगर इस मैच में भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए 4–3 से नतीजा अपने पक्ष में रखा।

इस ब्रॉन्ज मेडल मैच में गोलों की बारिश हो रही है। 3–2 से लीड के बाद आकाशदीप ने भारत की बढ़त 4–2 अभी की ही थी कि पाकिस्तान ने एक और गोल दागकर स्कोर 4–3 कर दिया।

**भारत फिर आगे निकला:** ब्रॉन्ज मेडल मैच में दोनों टीम पूरी ताकत लगा रही है। वरुण कुमार ने पेनल्टी कॉर्नर से भारत को दोबारा लीड दिला दी।



**भारत का जोरदार पलटवार:** 45वें मिनट यानी तीसरे क्वार्टर के खात्मे से चंद सेंकेंड पहले सुमित ने भारत को बराबरी दिलाई। अब आखिरी 15 मिनट का खेल बचा।

**पाकिस्तान ने बनाई लीड:** तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही पाकिस्तान ने आक्रमण किया। मैच में पहली बार पार भारत पिछड़ा। अब्दुल राणा ने 33वें मिनट में पाकिस्तान के लिए गोल किया।

**हाफ टाइम तक स्कोर बराबर:** दूसरे क्वार्टर के आखिरी लम्हों में भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दोनों बेकार गए। पाकिस्तान बैकफुट पर नजर आ रही है। 57 प्रतिशत पोजिशन और आठ पेनल्टी कॉर्नर के मुकाबले पाक टीम पिछड़ती नजर आ रही।

**पहला क्वार्टर खत्म:** दोनों चिर प्रतिद्विंद्वी देशों के बीच शुरुआती 15 मिनट के खेल में कांटे की टक्कर देखने को मिली। भले ही भारतीय टीम ज्यादा अग्रेसिव रही हो, उसे ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर मिले, उसने शुरुआती गोल भी किया, लेकिन पाकिस्तान ने जल्द ही मैच में वापसी की। अब स्कोर बराबर है।

**पाकिस्तान ने स्कोर बराबर किया** अफराज का मैदानी गोल, भारतीय डिफेंस देखते रह गया। लचर रक्षा पंक्ति का खामियाजा।

**मैच शुरू होते ही भारत का पहला गोल:** शुरुआती मिनट से ही भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। डेढ़ मिनट के भीतर एक के बाद एक भारत को लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले आखिरकार चौथे प्रयास में हरमनप्रीत बॉल को नेट्स के भीतर डालने में सफल रहे। मैच में जापान की टीम बिल्कुल बदली हुई नजर आई। उसने शुरुआत से ही मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम की डिफेंस को भेदना शुरू कर दिया। पहले क्वॉर्टर में ही जापान ने तीन गोल कर भारत के हौसले पस्त कर दिए।

# यासिर शाह ने पाकिस्तान क्रिकेट को किया बदनाम, बौखलाए रमीज रजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- लड़की ने आरोप लगाया कि यासिर ने उन्हें चुप रहने की धमकी भी दी
- यासिर पर 14 साल की नाबालिग को फ्लैट का लालच देने का आरोप है

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज रजा का कहना है कि टेस्ट लेग स्पिनर यासिर शाह से जुड़े प्रकरण के कारण पाकिस्तान क्रिकेट का नाम बदनाम हुआ है। दो दिन पहले इस्लामाबाद के शालीमार पुलिस स्टेशन में एक युगल ने प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें यासिर शाह का भी नाम है।

युगल ने आरोप लगाया है कि इस क्रिकेटर ने अपने मित्र की मदद की जबकि उसे पता था कि उसने उनकी 14 साल की भतीजी से बलात्कार किया है और उसका वीडियो बनाया है। रमीज ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इसमें कोई सोचने वाली बात नहीं है कि यासिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं और हम इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और शिक्षित करते हैं कि उनकी भूमिका खेल के दूत की है और उन्हें पता होना चाहिए कि उन्हें किसके साथ और कब कैसा व्यवहार करना चाहिए।

एफआईआर में कहा गया है कि जब पति–पत्नी मदद के लिए यासिर के पास गए तो उसने हंसकर उन्हें भगा दिया, पूरी घटना का मजाक बनाया, उन्हें और उनकी भतीजी को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कहा कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उन्हें अदालत में घसीटेगा।

यासिर और उसका दोस्त फरहान गायब हैं और इस मामले में पुलिस अब भी उनकी तलाश कर रही है। पीसीबी अध्यक्ष ने कहा, श्मुझे नहीं पता कि इस मामले का सच क्या है लेकिन यह तथ्य है कि इस तरह की सुर्खियां पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छी नहीं है और विशेषकर उस समय जब पाकिस्तान क्रिकेट में अब अच्छे समय की वापसी हो रही है। रमीज ने कहा कि यासिर सहित सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को नियमित तौर पर खेल के दूत के रूप में उनकी जिम्मेदारियां याद दिलाई जाती हैं और साथ ही उन्हें बताया जाता है कि सार्वजनिक तौर पर उन्हें कैसा बर्ताव करना है।

## टीम इंडिया के तीन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। टीम इंडिया के सामने मुश्किल चुनौती है लेकिन सीरीज जीतने का अच्छा मौका भी। कंडीशन के हिसाब से दौरा मुश्किल बताया जा रहा है लेकिन मौजूदा मेजबान टीम को देखते हुए सीरीज में जीत की उम्मीद भी जताई जा रही है। इस दौरे पर टीम इंडिया के तीन खिलाड़ियों पर खास नजर रहेगी। साउथ अफ्रीका पहुंची टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे विराट कोहली के पास खुद को साबित करने का मौका होगा। इस दौरे पर उनके साथ उप कप्तान बनाए गए के एल राहुल और अनुभवी स्पिनर आर अश्विन पर नजर रहेगी। कप्तानी विवाद को पीछे छोड़कर साउथ अफ्रीका पहुंचे कोहली पर सीरीज के दौरान नजर रहेगी। भारत के अनुभवी स्पिनर पर सबकी नजर रहेगी उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में विकेट लेने के मामले में हरभजन सिंह को पीछे छोड़ा। भारतीय टीम के लिए साउथ अफ्रीका में उप कप्तान की भूमिका निभाने वाले केएल राहुल के लिए यह दौरा अहम रहने वाला है।

## न्यूज डायरी



### तब रविचंद्रन अश्विन के काम आई थी महेंद्र सिंह धोनी की सीख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन भारत के सबसे कामयाब गेंदबाजों में शामिल हैं। बीते कुछ अर्से से हालांकि वह चोटों से भी जूझ रहे हैं। उन्होंने 2018–19 के सीजन को याद करते हुए कहा है कि कैसे चोटों का सामना करना उनके लिए मानसिक चुनौती बन गया था। अश्विन ने भारतीय टीम के लिए कमाल का खेल दिखाया है, खास तौर पर टेस्ट क्रिकेट में। 2017 के बाद सीमित ओवरों के फॉर्मेट पर ब्रेक सा लग गया था। इसके बाद इस ऑफ स्पिनर के लिए टेस्ट क्रिकेट में भी पक्की जगह बनाना मुश्किल हो रहा था। अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी तीन टेस्ट मैच नहीं खेले थे। इसके बाद कई बार उन्हें चोटों का भी सामना करना पड़ा। अगले 8–10 महीनों में उनके सामने कई मुश्किलें आईं। साल 2019–2020 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्होंने वापसी की। अश्विन ने उस वक्त के बारे में बात करते हुए बताया कि कैसे महेंद्र सिंह धोनी हमेशा उन्हें इन प्रक्रियाओं के बारे में बताते थे।

### शादी की सालगिरह पर अपना ही नाम भूल बैठे युजवेंद्र चहल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की 22 दिसंबर को शादी की पहली सालगिरह है। दोनों की शादी 22 दिसंबर 2020 को हुई थी। चहल और धनश्री इस समय कश्मीर में हैं। शादी की पहली सालगिरह पर दोनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर एक दूसरे को बधाई दी है। चहल ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर खुद की पत्नी के साथ एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अपना नाम भूल जाने की एक्टिंग करते हैं। हालांकि बाद में धनश्री उन्हें उनका नाम याद दिलाती हैं। चहल ने तीन हंसते हुए इमोजी के साथ वीडियो का कैप्शन लिखा, एक साल बिताने के बाद जब आप अपना नाम भूल जाते हो।श हैप्पी एनिवर्सरी वाइफ। हमेशा मेरा सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद। धनश्री ने चहल के साथ हाल में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की थी जिसमें वे सेना के जवानों के बीच खड़े हैं।

### जयसूर्या–कालूविताराना की जोड़ी अंडर–19 वर्ल्ड कप में मचाएगी धमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजियाबाद। साथी और गली के क्रिकेटर्स उसे जयसूर्या कहते हैं। क्रिकेट से प्यार करने वाले इस बात को और आगे ले जा सकते हैं। 90 के दौर में गेंदबाजों के लिए खौफ थे जयसूर्या। अगर इस खिलाड़ी को श्रीलंका के महान बल्लेबाज सनथ जयसूर्या का भारतीय युवा अवतार माना जाए, तो उसे एक रोमेश कालूवितराना की भी जरूरत थी। सिलेक्टर्स शायद उसकी यह तलाश पूरी कर चुके थे। और इसके लिए उन्हें ज्यादा दूर भी नहीं जाना पड़ा। उन्हें उनकी अकादमी में ही अपना साथी मिल गया लगता है। सिद्धार्थ यादव (18) साल के हैं। वह बाएं हाथ के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं। उनके पास कमाल के शॉट्स हैं। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज अराध्य यादव (17), जिन्होंने कई बरस तक उसी अकादमी में ट्रेनिंग ली, को अंडर–19 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह मिली है।

### पत्नी रितिका के जन्मदिन पर रोहिता का प्यारा सा मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह का 21 दिसंबर को जन्मदिन था। रोहित ने इस मौके पर रोहित ने इस मौके पर अपनी पत्नी को इंस्टाग्राम पर बधाई दी। रोहित ने लिखा कि रितिका उनके जीवन का एकमात्र प्यार है। इसके साथ ही रोहित ने अपनी पत्नी से यह भी कहा कि वह जैसी हैं उन्हें वैसा ही बना रहना चाहिए। रोहित ने कहा कि यही उन्हें आकर्षक बनाता है। रोहित ने कहा, मेरे जीवन की एकमात्र प्यार को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई हो। रहना तुम, हो जैसी तुम, यही आपको आकर्षक बनाता है।